**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2022 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 11- (क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में राज्य सड़क परिवहन निगम के अन्तर्गत कितने संविदा चालक सेवारत हैं ? | उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम स्तर पर संकलित सूचना के आधार पर माह अप्रैल, 2022 में कुल 14526 संविदा चालक कार्यरत हैं। |
| (ख) क्या 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत संविदाचालकों को विभाग विनियमित करने पर विचार कर रहा है ? | जी हाँ। विनियमितीकरण की कार्यवाही 10 वर्षों से अधिक की अवधि से कार्यरत कार्मिकों के आधार पर नहीं अपितु कार्मिक अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-9/2016/2/1/ 97 /का-2/2016 दिनांक 16-09-2016 द्वारा प्रख्यापित विनियमितीकरण नियमावली-2016 के प्राविधानों के अन्तर्गत की जा रही है। इस नियमावली के अनुसार दिनांक 31-12-2001 तक या इससे पूर्व से संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्तियों के विनियमितीकरण पर, अन्यथा अपेक्षित अर्हताएं रखने पर विचार करने की व्यवस्था है। उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा भी उक्तानुसार ही पात्र व्यक्तियों के विनियमितीकरण का प्रस्ताव शासन की अनुमति हेतु संदर्भित किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| (ग) यदि हाँ, तो इन्हें कब तक विनियमित कर दिया जायेगा ? | उपर्युक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।